गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
GURU JAMBHESHWAR UNIVERSITY, MORADABAD

पत्रांकः- गु0ज0वि0मु0/प्रशा0/ए-1/2025/1497 दिनांकः-21.07.2025

## कार्यालय ज्ञाप

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के प्रथम शैक्षणिक सत्र 2025-26 के शुभारंभ होने के अवसर पर दिनांक 25/07/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे ऑनलाइन माध्यम से मा0 कुलपति जी नव-प्रवेशित छात्रों / छात्राओं व महाविद्यालयों के समस्त शिक्षकों को संबोधित करेंगे।

अतः आदेशानुसार मुझे समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों से यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त निर्धारित तिथि 25/07/2025 को अपने महाविद्यालय में यथोचित कक्ष/ हाल/ सभागार में उक्त ऑनलाइन प्रसारण को सकुशल कराये जाने से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करेंगे। महाविद्यालय यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके यहाँ पर NDLI क्लब में सभी नव-प्रवेशित छात्रों व शिक्षकों के पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी हो। उक्त ऑनलाइन प्रसारण में 'जियो टैग' सहित छात्रों व शिक्षकों की उपस्थिति आवश्यक है। संबंधित प्राचार्य उक्त प्रसारण के दौरान समस्त शिक्षकों व नव-प्रवेशित छात्रों की प्रतिभागिता को अनिवार्य बनाये जाने हेतु प्रभावी पहल करेंगे।

कार्यक्रम से संबंधित लिंक समयानुसार उपलब्ध करा दिया जायेगा।

भवदीय

(गिरीश कुमार द्विवेदी)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः-

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति।
2. व्यै0 सहा, कुलसचिव।
3. प्राचार्य/प्राचार्या समस्त संबद्ध महाविद्यालय।
4. सम्पादक, समाचार पत्रों को इस आशय से प्रेषित कि छात्र हित में उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव